>

Title: Need to provide a central package to complete the construction work of bridges over rivers Koshi and Ganga in Rampur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर में कोसी नदी पर प्रानपुर सेतु एवं सैफनी चन्दपुरा कलां मार्ग के बीच गागनपुर नदी पर सेतु बनाने का कार्य नहीं हो रहा है। इसमें प्रानपुर पुल का लागत बनकर तैयार हो गया है। इस मार्ग पर एप्रोच मार्ग न बनने से लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है और यह कोसी नदी पुल मार्ग के नीचे से न बहकर दूसरे मार्ग से बह रही है और आने वाले बरसात के समय इन नदियों के पास स्थित गांव के लोगों को बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है। दूसरे पुल के लिए सैफनी के पास गागन नदी पर स्वीकृत राशि 818.67 लाख में से 231.27 लाख खर्च हो चुकी और अब कार्य रोक दिया गया है जिसके कारण 231.27 लाख रूपये बेकार हो रहे हैं और पुल काजो भाग बना है, वह आने वाले बरसात के समय बह जायेगा और बाढ़ का खतरा भी काफी गंभीर हो सकता है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा इस कार्य के पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता हेतु केन्द्र स्तर पर एक पैकेज उपलब्ध किया जाये।

---

* Treated as laid on the Table.